गांधी ने स्वतंत्रता आंदोलन एवं शास्त्री ने राष्ट्र निर्माण में निभायी अहम भूमिका-डीएम

अधिकारियों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को अर्पित की श्रद्धांजलि, जिला अस्पताल में मरीजों को बांटे फल, किया श्रमदान

चित्रकूट। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की १५७वीं जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री की १२२वीं जयंती के अवसर पर डीएम पुलकित गर्ग, एडीएम चंद्रशेखर, एडीएम न्यायिक स्वप्निल कुमार यादव सहित कलक्ट्रेट के अधिकारियों, कर्मचारियों ने श्रद्धापूर्वक नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके राष्ट्र के प्रति अतुलनीय योगदान का स्मरण किया गया।

डीएम पुलकित गर्ग ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा, त्याग एवं सत्याग्रह के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा प्रदान की। लाल बहादुर शास्त्री ने अपने सरल, सादगीपूर्ण एवं अनुकरणीय जीवन तथा 'जय जवान, जय किसान' के प्रेरणादायी मंत्र के माध्यम से देश के सैनिकों एवं किसानों के सम्मान तथा राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान को रेखांकित किया।

इसके बाद डीएम ने संयुक्त जिला अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों को फल वितरित किया। इस दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि अस्पताल में आक्सीजन सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाए। ताकि मरीजों को उपचार के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके उपरांत डीएम पुलकित गर्ग, प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्यूष कटियार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. महेंद्र कुमार त्रिपाठी एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. शैलेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने अस्पताल परिसर में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत गुटखे की पन्नियां एवं अन्य कूड़ा कचरा उठाकर डस्टबिन में डाला तथा श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।

दीपावली पर्व पर आकर्षक सजेगा चित्रकूट, होंगे भव्य कार्यक्रम

चित्रकूट। आगामी दीपावली पर्व एवं अमावस्या मेले की तैयारियों के संबंध में समीक्षा की गयी। तीर्थयात्रियों, श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के आकर्षण के लिए इस वर्ष मेले का प्रमुख आकर्षण रामायण थीम आधारित ड्रोन शो एवं लेजर शो रहेगा। उप्र श्री चित्रकूटधाम तीर्थ विकास परिषद द्वारा सात एलईडी लाइटिंग गेट, छह चौराहों की आकर्षक सजावट, मेला क्षेत्र में विभिन्न स्थलों पर विद्युत सजावट, भजन एवं क्षेत्रीय कलाकारों के कार्यक्रमों के लिए नौ छोटे स्टेज, भक्ति थीम आधारित १० सेल्फी प्वाइंट विकसित किये जाएंगे। वही नगर पालिका चित्रकूटधाम कर्वी द्वारा छह खोया-पाया केंद्र एवं १२ पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे।

इसके साथ ही प्रकाश, सजावट, स्वच्छता, पेयजल एवं श्रद्धालुओं के लिए अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। आस्था, संस्कृति और आधुनिक आकर्षणों के संगम से चित्रकूट दीपावली मेला श्रद्धालुओं के लिए विशेष अनुभव बनेगा।

पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से इनामी गो-तस्कर घायल, गिरफ्तार

जौनपुर। तेजीबाजार थाना पुलिस की शुक्रवार तड़के गो-तस्करों से मुठभेड़ हो गयी। जवाबी फायरिंग में एक शातिर गो-तस्कर पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसे पुलिस ने दबोच लिया। अंधेरे का फायदा उठाकर उसके अन्य साथी भागने में सफल रहे। पुलिस ने मौके से चार जिंदा गोवंश, अवैध असलहा, कारतूस, गो-तस्करी में प्रयुक्त बिना नंबर की पिकअप और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। थानाध्यक्ष तेजीबाजार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि तस्कर पिकअप पर गोवंश लादकर हैदरपुर से जौनपुर की तरफ जा रहे हैं। पुलिस ने मखदूमपुर तिराहे के पास घेराबंदी की। हैदरपुर की तरफ से संदिग्ध पिकअप और उसके पीछे आ रही सुपर स्प्लेंडर बाइक को पुलिस ने रुकने का इशारा किया, तो



पिकअप चालक ने ग्राम पूरामोहब्बत की तरफ गाड़ी मोड़ी, जिससे वह खड्ड में फंस गयी। इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की आत्मरक्षार्थ जवाबी काररवाई में एक बदमाश पैर में गोली लगने से गिर पड़ा, जिसकी पहचान छोटू (२२ वर्ष) पुत्र सर्फुद्दीन, निवासी रेवसा, थाना अलीनगर (चंदौली) के रूप में हुई। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) आतिश कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध हत्या का प्रयास (बीएनएस १०९), गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम काररवाई की जा रही है।

कलयुगी बेटे ने मां का गला दबाकर किया हत्या का प्रयास

जौनपुर। सुरेरी थाना क्षेत्र के ग्राम कमरुद्दीनपुर में नशे में धुत एक बेटे द्वारा अपनी ही जन्मदात्री मां का गला घोंटकर जान से मारने का प्रयास करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। परिजनों की चीख-पुकार और बीच-बचाव से वृद्धा की जान बच सकी। गांव निवासी गुलाम मैसर ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनका पुत्र नूर हसन आये दिन शराब पीकर घर में गाली-गलौज एवं परिजनों से मारपीट करता है। गुरुवार देर शाम वह अत्यधिक नशे की हालत में घर पहुंचा और अपनी मां हसीना पर हमला बोलते हुए दोनों हाथों से उसका गला दबाने लगा। मां की चीख सुनकर परिवार के लोग दौड़े और किसी तरह उसे आरोपित के चंगुल से छुड़ाया। थानाध्यक्ष सुरेरी गंगासागर मिश्र ने बताया कि पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपित नूर हसन के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं ११५(२), ३५२ और ३५१(३) के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक काररवाई की जा रही है।

साहू धर्मशाला में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर बांटी गयीं दवायें

जौनपुर। गांधी जयंती के उपलक्ष्य में साहू कल्याण समिति द्वारा भंडारी स्टेशन रोड स्थित साहू धर्मशाला में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक डा. रवि एवं डा. निखिल साहू ने आये हुए मरीजों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच कर उचित परामर्श एवं निःशुल्क दवाएं वितरित कीं।

समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता एवं महामंत्री सिद्धार्थ कुमार साहू ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना ही समिति का उद्देश्य है।

खेल प्रतियोगिता आयोजित

चित्रकूट। गांधी जयंती के अवसर पर स्पोर्ट्स स्टेडियम में ओपन पैदल चल सीनियर बालक बालिका वर्गों में प्रतियोगिता आयोजित की गयी। बालक वर्ग में ३५ और प्रथम छह विजेता एवं बालिका वर्ग में २० में छळ विजेता रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ अरविंद कुमार सोनकर क्रीड़ा अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखा कर किया गया। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण डीएम पुलकित गर्ग ने किया। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में अवधेश प्रताप, वालीबाल के अध्यक्ष राकेश चौधरी, व्यायाम शिक्षक श्याम सुंदर यादव, श्री केशन, एथलेटिक्स कोच अंगद सिंह यादव, क्रिकेट कोच फिरोज अंसारी, अख्तर हुसैन आदि मौजूद रहे।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में २२ यूनिट रक्त संग्रह

चित्रकूट। राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य पर जिला संयुक्त चिकित्सालय में संचालित राजकीय रक्त केन्द्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा शैलेन्द्र कुमार, वरिष्ठ परामर्शदाता, डा हरीशचन्द्र अग्रवाल, वरिष्ठ परामर्शदाता डा ऋषि कुमार, वरिष्ठ परामर्शदाता राम नरेश राजपूत एवं रक्तकेन्द्र प्रभारी डा कपिल त्रिवेदी ने फीता काटकर किया। इस दौश्रान रक्तदान के प्रति जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया एवं स्वैच्छिक रक्तदान के लिए रक्तदाताओं को शपथ दिलायी गयी।

सीएमएस ने बताया कि व्यापक रुप से प्रचार-प्रसार करके लोगों को रक्तदान करने के लिये प्रेरित करना चाहिये। जिससे जरूरतमन्दों की जान बचायी जा सकें। अभी भी समाज में ऐसी भ्रान्तियों हैं कि रक्तदान करने से कमजोरी आती है, जबकि ऐसा नहीं है। १८ से ६५ वर्ष तक के प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिये। रक्तदान करने से किसी असहाय व्यक्ति की जान बचायी जा सकती है। रक्तदान बहुत ही पुण्य का कार्य है और कोई भी स्वस्थ्य पुरुष एक वर्ष में चार बार एवं स्वस्थ्य महिला एक वर्ष में तीन बार रक्तदान कर सकते हैं।

राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर परियोजना प्रबंधक जल निगम ग्रामीण एवं जिलाधिकारी कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा महत्वपूर्ण योगदान किया गया। स्वैच्छिक रक्तदान में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिविर में ३७ रक्तदाताओं का पंजीयन तथा २२ यूनिट रक्त संग्रह किया गया।



रक्तदान शिविर की शुरुआत करते सीएमएस एवं चिकित्सक।

ग्रामोदय विवि में मनायी गयी गांधी एवं शास्त्री जयंती

चित्रकूट। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलगुरू प्रो. आलोक चौबे के नेतृत्व में विश्वविद्यालय परिवार द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, विश्वविद्यालय के संस्थापक भारतरत्न नानाजी देशमुख की प्रतिमाओं एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात संगीत इकाई के तत्वावधान में छात्र-छात्राओं ने बापू का प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिये पीर पराई जाने रे एवं अन्य सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी।

दशरथ घाट पर पर्यटन सुविधाओं का डीएम ने लिया जायजा

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग ने विकासखंड मऊ की ग्राम पंचायत नेवरा स्थित दशरथ घाट पर पर्यटन विभाग द्वारा कराए गये विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्यटन स्थल पर निर्मित शौचालय ब्लाक, यात्री शेड, गजीबो, प्रवेश द्वार, स्टोन फ्लोरिंग, सोलर लाइट, बेंच, डस्टबिन, इंटरलाकिंग सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम ने निर्देशित किया कि निर्मित हाल एवं यात्री शेड में पेंटिंग तथा प्रकाश व्यवस्था का कार्य पूर्ण कराने के उपरांत ही इन्हें ग्राम पंचायत को हस्तांतरित किया जाए। उन्होंने कहा कि हस्तांतरण के पश्चात हाल एवं टीन शेड की चाबियां संबंधित पंचायत सहायक के पास सुरक्षित

गुणवत्तापूर्ण कार्य एवं साफ सफाई सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

रखी जाएं, ताकि आवश्यकता के अनुसार इनका व्यवस्थित उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। उपजिलाधिकारी मऊ को निर्देशित किया कि मंदिर तक आवागमन को सुगम बनाने के लिए पहुंच मार्ग का सर्वे कराया जाए तथा कम लागत में उपयुक्त मार्ग विकसित करने की संभावनाओं का परीक्षण किया जाए। उन्होंने शासन की मंशा के अनुरूप ग्राम पंचायत की सीमा पर सीमांकन संबंधी पिलर स्थापित कराने के भी निर्देश दिये। खंड विकास अधिकारी को पर्यटन स्थल पर नियमित साफ सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे भी स्थल की स्वच्छता एवं रखरखाव में सक्रिय सहभागिता निभाएं। निरीक्षण के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्यूष कटियार, उप जिलाधिकारी आरआर रमन, खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

गोवंश से लदी पिकअप ने बाइक सवार को रौंदने का किया प्रयास

जौनपुर। चंदवक थाना क्षेत्र के कनौरा गांव में शुक्रवार को गो-तस्करी की आशंका में पीछा कर रहे बाइक सवार युवक को पिकअप चालक ने वाहन से कुचलने का प्रयास किया। युवक ने सड़क किनारे गड्ढे में कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई, जबकि उसकी बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। बाद में ग्रामीणों ने घेराबंदी कर पिकअप को रोक लिया और चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। कनौरा निवासी रोहित सिंह को सूचना मिली थी कि एक पिकअप में गोवंश लादकर ले जाया जा रहा है। सूचना पर रोहित अपने साथी गिरिराज, साहिल एवं चंद्रशेखर के

युवक ने खड्डु में कूदकर बचायी जान, ग्रामीणों ने चालक को दबोचा, एक फरार

साथ बाइक से पिकअप का पीछा करने लगे। आजमगढ़-वाराणसी मार्ग पर पीएसी गोदाम के समीप जब उन्होंने वाहन को रोकने का इशारा किया, तो आरोप है कि पिकअप सवारों ने जान से मारने की नीयत से बाइक में सीधी टक्कर मार दी। रोहित ने गड्ढे में छलांग लगाकर जान बचाई, लेकिन उनकी बाइक चकनाचूर हो गयी। शोर सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने पिकअप रोक ली और चालक ताहिर (निवासी रामपुर कंजहित, देवगांव, आजमगढ़) को दबोच लिया, जबकि उसका साथी बंधू मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पिकअप जब्त कर तहरीर के आधार पर काररवाई शुरू कर दी है।

जिउतिया पर्व को लेकर बाजारों में रौनक

जौनपुर। संतान की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना से जुड़े लोकपर्व जिउतिया (जीवित्पुत्रिका) व्रत को लेकर तैयारियां चरम पर पहुंच गयी हैं। तीन अक्तूबर को रखे जाने वाले इस कठिन

पूजन सामग्री की खरीदारी तेज

व्रत को लेकर बाजारों में पूजन सामग्री की दुकानें सज गयी हैं और महिलाएं खरीदारी में जुटी हुई हैं। विशेषकर उन परिवारों में जबरदस्त उत्साह है, जहां नवविवाहित जोड़ों या नवजात शिशुओं की पहली 'डाल पूजा' होनी है।

जिउतिया को सबसे कठिन व्रतों में गिना जाता है, जिसमें माताएं २४ घंटे का निर्जला उपवास रखती हैं। शाम के समय नदी या तालाब के किनारे समूह में एकत्रित होकर पूजा-अर्चना की जाती है और राजा जीमूतवाहन की पौराणिक कथा सुनी जाती है। बाजारों में बांस की डलिया, मिट्टी के कलश, फल-फूल, खली-महुआ और पूजन सामग्री के विशेष स्टाल लगाये गये हैं। व्रत के बाद गले में धारण किया जाने वाला लाल और पीला गांठदार जिउतिया धागा बाजार में ५ रुपये से लेकर ५० रुपये तक बिक रहा है। व्यापारियों के अनुसार, बीते वर्ष की तुलना में इस बार पूजन सामग्रियों पर १० से १५ प्रतिशत तक महंगाई का असर देखा जा रहा है, बावजूद इसके महिलाओं के उत्साह में कोई कमी नहीं है।

कांग्रेसियों ने बापू एवं शास्त्री के बतायें मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

चित्रकूट। जिला कांग्रेस कैंप कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं पूर्व सांसद मसूरियादीन पासी की जयंती मनायी गयी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कुशाल पटेल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित नमन किया और उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इसके बाद बनवारीपुर दलित बस्ती में मनधीर बर्मा द्वारा आयोजित सहभोज कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान कांग्रेस नेत्री रंजना पांडेय, चुनवाद प्रसाद प्रजापति, राबेन्द्र सिंह पटेल, नरवेश सचान, अगनु प्रसाद वर्मा,छोटेलाल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

रामचरितमानस का अंश मात्र जीवन में धारण करने से समाज में आयेगा सद्भाव और खुशहाली-एसपी

चित्रकूट। मुख्यालय के तरौंहा में ४० साल से चल रही रामलीला मे श्रीराम सीता स्वयंवर और परशुराम लक्ष्मण संवाद की प्रेरक दायक रामलीला का मंचन हुआ। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने भगवान राम लक्ष्मण की आरती कर लीला का शुभारंभ कराया। उन्होंने कहा कि भगवान राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न के चरित्र से अंश मात्र भी अगर हम सब प्रेरणा ले तो रामराज स्थापित हो सकता है। समाज में सद्भाव और खुशहाली बनाए रखने के लिए महिलाओं की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। माता सीता और उनकी बहनों के समर्पण त्याग से कुछ सीखना चाहिए। आज हर घर, समाज में घर के सदस्यों के बीच ही कटुता एवं मनमुटाव और बुराई का भाव ही नैतिकता के पतन का संकेत है। इस पर नियंत्रण करने से हर समाज हर वर्ग हर परिवार की तरक्की होती है।

तरौंहा की रामलीला में श्रीराम सीता स्वयंवर देखने को उमड़े दर्शक

रामचरितमानस में यही संदेश भी दिया गया है। रामलीला देखने आने वाले लोग इसमें छिपे समाज परिवार देश के हित का संदेश लेकर जाएं और उसे पर अमल करें।इसके बाद श्रीरामलीला महोत्सव में भगवान राम के सीता स्वयंवर का मंचन हुआ। राम ने शिव धनुष तोड़कर सीता का वरण किया। जयमाल पर दर्शक झूम उठे। इसके पूर्व रामलीला कमेटी के आयोजक राष्ट्रीय रामायण मेला के अध्यक्ष प्रशांत करवरिया उर्फ प्रिंस ने मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह और महंत दिव्य जीवनदास को शाल पहनकर सम्मानित किया अन्य अतिथियों को रामनवमी पत्ता पहनकर सम्मानित किया गया। दिगंबर अखाड़ा के महंत दिव्यजीवन दास महाराज, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र, पूर्व विधायक दिनेश मिश्रा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष हीरो मिश्रा, जगदीश गौतम, चंद्र प्रकाश खरे, शहर कोतवाल अभय राज सिंह, रामलीला के आयोजक संयोजक प्रशांत करबारिया, करुणा शंकर द्विवेदी, सुधीर अग्रवाल, रमेश द्विवेदी, राजा बाबू पांडेयका सानिध्य रहा। रामलीलाके सफल आयोजन के लिए आयोजकोकी व्यवस्था सराहनीय रही।



श्रीराम एवं लक्ष्मण की पूजा करते एसपी एवं को शाल पहनाकर सम्मानित करते आयोजक प्रशांत करवरिया।

मेधावियों को मिले पदक एवं प्रशस्ति पत्र

जौनपुर। साहू कल्याण समिति के तत्वावधान में भंडारी स्थित साहू धर्मशाला में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं तथा समर्पित शिक्षकों को सम्मानित किया गया।समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल लखनऊ) की उप निदेशक गीता रानी गुप्ता, सीएफएसएल नई दिल्ली की सहायक निदेशक रीता रानी गुप्ता, संस्थाध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि डा. विपिन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा ही समाज के उत्थान की आधारशिला है ।

ट्राली में ठूंसकर ले जाये जा रहे १४ मवेशी बरामद

चार की दम घुटने से मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

जौनपुर। मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सुजानगंज मार्ग पर शुक्रवार को एक ट्रैक्टर-ट्राली से क्रूरतापूर्वक ले जाए जा रहे १४ गोवंश बरामद किये गये। अत्यधिक ठूंसकर भरे जाने के कारण दम घुटने से चार मवेशियों की मौके पर ही तड़प-तड़पकर मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के सैकड़ों ग्रामीण सड़क पर उतर आये और चक्काजाम कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मवेशियों को ट्राली में इतनी अमानवीय स्थिति में बांधा गया था कि वे हिल-डुल भी नहीं पा रहे थे। चार गोवंशों के मृत पाये जाने की खबर जैसे ही फैली, लोगों का आक्रोश भड़क उठा। आक्रोशित ग्रामीणों ने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी काररवाई की मांग को लेकर सुजानगंज मार्ग पर आवागमन पूरी तरह ठप कर दिया। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है कि मवेशियों को किस उद्देश्य से और कहां तस्करी कर ले जाया जा रहा था। एहतियातन क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया गया है।

आधुनिक खेती का गुर सीखने पंतनगर विश्वविद्यालय रवाना हुआ किसानों का दल

जौनपुर। सबमिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजना के अंतर्गत अंतरराज्यीय कृषक अध्ययन भ्रमण दल को शुक्रवार को कृषि भवन परिसर से रवाना किया गया। उप परियोजना निदेशक (आत्मा) डा. रमेश चंद्र यादव ने हरी झंडी दिखाकर ६३ चयनित प्रगतिशील किसानों की बस को गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर (उत्तराखंड) के लिए रवाना किया।यह दल ३ से ९ अक्तूबर तक पंतनगर में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी (कृषि कुंभ) में भाग लेगा।

समयबद्ध एवं गुणवत्तायुक्त होने चाहिए निर्माण कार्य-डीएम

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग ने विकासखंड मऊ स्थित प्राथमिक विद्यालय, डाक बंगला, पुरानी तहसील के पास निर्माणाधीन रजिस्ट्री कार्यालय, रामलीला मैदान तथा सोनार गली में निर्माणाधीन नाले का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। डीएम ने प्राथमिक विद्यालय डाक बंगला मऊ का निरीक्षण करते हुए विद्यालय परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिये कि विद्यालय के क्षतिग्रस्त गेट की मरम्मत कराकर उसे दुरुस्त कराया जाए। उन्होंने विद्यालय की बाउंड्री के किनारे फूलदार एवं सजावटी पौधों का रोपण कराने के भी निर्देश दिए। पुरानी तहसील के पास निर्माणाधीन रजिस्ट्री कार्यालय का निरीक्षण किया। रामलीला मैदान का निरीक्षण करते हुए परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मैदान एवं उसके आसपास आवश्यक पेंटिंग तथा सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जाए, जिससे स्थल स्वच्छ, सुंदर एवं आकर्षक दिखाई दे।डीएम पुलकित गर्ग ने विकासखंड मऊ स्थित पुराने अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया।

फत्तूपुर में पीली नदी में मिला अज्ञात व्यक्ति का सड़ा-गला शव, सनसनी

बदलापुर (जौनपुर)। बदलापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फत्तूपुर में पीली नदी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पानी में तैरता मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुल और घाट से गुजर रहे ग्रामीणों ने शव देखा तो मौके पर भारी भीड़ जमा हो गयी।

सूचना पर पहुंची बदलापुर पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से शव को नदी से बाहर निकलवाया। शव काफी दिनों पुराना प्रतीत हो रहा है और पानी में लंबे समय तक रहने के कारण बुरी तरह सड़-गल चुका है। आशंका जताई जा रही है कि किसी अन्य स्थान पर डूबने के बाद शव बहकर यहां आया है। पुलिस ने आसपास के गांवों के लोगों को बुलाकर शिनाख्त कराने का भरसक प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम एवं शिनाख्त के लिए सुरक्षित भेज दिया है।

बापू एवं शास्त्री की जयंती पर कलेक्ट्रेट में डीएम ने चलाया चरखा

जौनपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती जनपद भर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी गयी। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन., मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अम्बष्ट एवं नगर मजिस्ट्रेट महिपाल सिंह ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कलेक्ट्रेट में खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग की ओर से विशेष प्रदर्शनी लगाई गई, जहां जिलाधिकारी ने स्वयं

वृद्धाश्रम में बांटे फल

चरखा चलाकर लोगों को स्वदेशी और खादी वस्त्र अपनाने के लिए प्रेरित किया। डीएम ने खादी वस्त्रों की खरीदारी भी की। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने सैयद अलीपुर स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर स्कूली बच्चों के साथ बुजुर्गों को फल एवं मिष्ठान बांटे, उनका कुशलक्षेम पूछा और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

पांच किमी क्रास कंट्री रेसमें रिशु पाल एवं पुष्पा यादव अव्वल

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंतीपर आजाद पार्क गेटसे शुरू हुई रेस




मदन मोहन मालवीय स्टेडियम की ओर से शुक्रवार सुबह करीब साढ़े छह बजे आजाद पार्क के गेट नंबर तीन से पुरुष एवं महिलाओं के लिए पांच किलोमीटर की क्रास कंटी रेस शुरुआत की गयी। पुरुष में रिशु पाल एवं महिला ने पुष्पा यादव प्रथम रहीं। उक्त रेस की शुरुआत प्र. क्षेत्रीय अधिकारी शिव कुमार यादव ने हरी झण्डी दिखाकर की। रेस आजाद पार्क के गेट से शुरू होकर हिन्दू हास्टल, हनुमान मन्दिर, मेडिकल चौराहा से मुडकर बालसन चौराहे से इण्डियन प्रेस चौराहा होते हुए चन्द्रशेखर आजाद मूर्ति गेट नंबर तीन पर समाप्त हुई। पुरुषों में कुंदन बिंद द्वितीय, बृजेश कुमार तृतीय, रिशान्त पाल चतुर्थ, अरविंद चौधरी पांचवें एवं आयुष कुमार पाल छठें स्थान पर रहे। इसी तरह महिला में पूजा पटेल द्वितीय, जमुना तृतीय, हेमा कुमारी चतुर्थ, मेहिनी को पांचवां एवं ममता यादव को छठां स्थान प्राप्त हुआ। सेवानिवृत्त क्षेत्रीय क्रीड़ाअधिकारी विजय कुमार ने क्रास कन्ट्री रेस के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि का स्वागत सुश्री श्रेया सिंह ने बैज लगाकर किया। प्रतियोगिता जयवीर सिंह, उप कीड़ाधिकारी एवं सत्येन्द्र सिंह, एथलेटिक्स प्रशिक्षक की देखरेख में हुई। क्रास कन्ट्री रेस में कुल १०० पुरुष एवं ४४ महिला ने प्रतिभाग किया।

एसीए पैनलके अंपायरों-स्कोररोको असंबद्ध टूर्नामेंटसे दूर रहनेके निर्देश

इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) ने अपने पैनल के अंपायरों एवं स्कोररों को एसीए से असंबद्ध क्रिकेट प्रतियोगिताओं में सेवाएं न देने के निर्देश दिए हैं। एसीए के संयुक्त संयोजक (अंपायर एवं स्कोरर) शिशिर मेहरोत्रा ने एसीए पैनल के सभी अंपायरों एवं स्कोररों को सूचित किया है कि वह निर्वाणानंद हैप्पीनेस अंडर-१४ टूर्नामेंट सहित एसीए से असंबद्ध किसी भी क्रिकेट टूर्नामेंट में अंपायरिंग अथवा स्कोरिंग का कार्य न करें। उन्होंने पैनल के सभी सदस्यों से एसोसिएशन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा है।

वीनू मांकड़ ट्राफीके लिए विवेकका चंडीगढ़ अंडर-१९ टीममें चयन

शामली, उत्तर प्रदेश के उभरते क्रिकेट खिलाड़ी विवेक पुंडीर का चयन



वीनू मांकड़ ट्रॉफी के लिए चंडीगढ़ अंडर-१९ टीम में हुआ है। विवेक तेज गेंदबाज के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं। विवेक अप्रैल २०२६ से प्रयागराज स्थित जैदी इंडोर क्रिकेट अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं। वह अकादमी के प्रशिक्षक आशीष विंस्टन जैदी और केबी काला के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास कर अपनी गेंदबाजी एवं क्रिकेट कौशल को निखार रहे हैं। विवेक के पिता सहदेव कुमार आर्मी मेडिकल कोर में सूबेदार के पद पर कार्यरत हैं और वर्तमान में कारगिल, लद्दाख में तैनात है। परिवार और प्रशिक्षकों ने विवेक की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

निर्वाणानंद हैप्पीनेस अंडर-१४ टूर्नामेंटमें लिया हिस्सा तो यूपीसीए से नहीं मिलेगा मौका

प्रयागराज खेल

इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) ने अपने पंजीकृत खिलाड़ियों को निर्वाणानंद हैप्पीनेस अंडर-१४ लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग नहीं लेने की सख्त सलाह दी है। एसीए ने स्पष्ट किया है कि यह टूर्नामेंट एसोसिएशन से संबद्ध नहीं है। एसोसिएशन की ओर से जारी सूचना में कहा गया है कि एसीए के सभी पंजीकृत खिलाड़ी किसी भी गैर-संबद्ध लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में हिस्सा न लें। चेतावनी दी गई है कि यदि कोई पंजीकृत खिलाड़ी निर्वाणानंद हैप्पीनेस अंडर-१४ टूर्नामेंट में भाग लेता है तो उसे उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) तथा इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की आगामी क्रिकेट गतिविधियों में भाग लेने के लिए अयोग्य माना जाएगा। एसीए ने कहा कि यह सलाह खिलाड़ियों के हित को ध्यान में रखते हुए जारी की गई है। एसोसिएशन के प्रभारी टूर्नामेंट एवं मीडिया खुर्शीद अहमद ने उक्त जानकारी दी।

रेलवे की अंडर-२३ टीममें शामिल बृजेंद्र



राजकोट में १२ से १५ अक्टूबर और बोकारो में १९ से २२ अक्टूबर तक होने वाली कर्नल सीके नायडू अंडर-२३ ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए स्थानीय क्रिकेटर बृजेंद्र त्रिपाठी को भारतीय रेलवे टीम में शामिल किया है।

नार्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे गुवाहाटी में कार्यरत विकेटकीपर बल्लेबाज बृजेंद्र मूलरूप से भुंडा करछना निवासी शिक्षक मनोज कुमार त्रिपाठी के पुत्र हैं।

सैयद असद कासिम स्मृति अंडर-१६ क्रिकेट १८ से

द्वितीय स्वर्गीय सैयद असद कासिम मेमोरियल अंडर-१६ क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन १८ अक्तूबर से मजीदिया इस्लामिया इंटर कालेज मैदान पर शुरू होगी। टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक संरक्षक गौहर काजमी के रानी मंडी स्थित आवास पर हुई, जिसमें प्रतियोगिता की तैयारियों और आयोजन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी। अध्यक्ष शाहिद अस्करी ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रतियोगिता में इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) से पंजीकृत १२ टीमों को प्रवेश दिया जाएगा। प्रतियोगिता कलर ड्रेस में खेली जाएगी। खिलाड़ियों के लिए टी-शर्ट टूर्नामेंट कमेटी की ओर से उपलब्ध कराई जाएगी। कमेटी के पदाधिकारियों ने प्रतियोगिता को व्यवस्थित एवं सफल ढंग से आयोजित करने के लिए आवश्यक तैयारियों पर भी विचार-विमर्श किया। इच्छुक टीमें प्रतियोगिता में प्रवेश एवं अन्य जानकारी के लिए आयोजन सचिव शमशाद अहमद (९५९८१५७६७८) तथा क्रिकेट कोच जुल नूरैन (७९८५५७२३७२) से संपर्क कर सकती हैं। बैठक में मुख्य संरक्षक गौहर काजमी, चेयरमैन मोहम्मद अशरफ, अध्यक्ष शाहीन काजमी, उपाध्यक्ष लियाकत अली, महासचिव शाहिद अस्करी तथा आयोजन सचिव शमशाद अहमद (चंदू) मौजूद रहे।

भारतीय हाकी टीमके गोल्ड जीतनेसे खेलको मिलेगी नयी दिशा-राजेश वर्मा

भारतीय हाकी टीम के गोल्ड मेडल जीतने पर राष्ट्रीय स्तर के हाकी खिलाड़ी एवं सचिव डाक मनोरंजन क्लब राजेश वर्मा ने खिलाड़ियों को



बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस सफलता से भारतीय हाकी को नई दिशा मिलेगी और खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा। राजेश वर्मा ने कहा कि टीम का यह प्रदर्शन देश में हाकी के प्रति नई उम्मीद पैदा करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि भारतीय टीम आगे भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए देश का गौरव बढ़ाएगी।